Reg. No. | | | | | | | | | |

# BSCHDL 281/FNDHDL 281/BSAHDL 281/BFTHDL 281/ BFDHDL 281/BIDHDL 281/BSHHDL 281

**Choice Based Credit System IV Semester B.Sc./B.Sc. (FND)/ B.Sc. (Animation and Visual Effects)/B.Sc. (FT)/B.Sc. (FD)/B.Sc. (ID&D)/ B.Sc. (Home Science) Degree Examination, September 2022**
**COMPULSORY FOUNDATION LANGUAGE – HINDI**
**(2020-21 Batch Onwards)**
**(Group – III) (Paper – IV)**

Time : 3 Hours　　　　Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । **(1×5=5)**

1) मीना क्या काम करती थी ?
2) शोभा को किसने शिक्षा दिलायी थी ?
3) शोभा पहले क्या काम करती थी ?
4) पार्टी में लोग किसके बारे में गॉसिप कर रहे थे ?
5) नाटक के अंत में शोभा क्या निश्चय करती है ?

II. किन्हीं **तीन** का संदर्भ सहित अर्थ लिखिए । **(5×3=15)**

1) कौन कहता है औरत से कि नौकरी करे ? छोड दे नौकरी । अब उसकी नौकरी के पीछे यह तो होगा नहीं कि पति, बच्चे, घर सब बेचारे मारे–मारे फिरें ।
2) मैं तुमसे ज्यादा तुमको, तुम्हारी योग्यता और तुम्हारी सीमाओं को समझता हूँ । एक घर तो तुम ठीक तरह से चला नहीं सकती, कॉलेज चला लोगी !
3) मेरी अपनी भी कुछ आकांक्षाएँ हैं, अपने जीवन का कोई स्वप्न है । इस घर की चहारदीवारी के परे भी मेरा अपना कोई अस्तित्व है, व्यक्तित्व है ।
4) वे जमाने गए अजित, जब आदमी ने नौकरी कर ली और औरत ने घर का सारा काम कर लिया । अब जब औरत भी नौकरी करने लगी है तो मर्द को भी घर के काम में हाथ बँटाना पड़ेगा, समझे ?
5) ठीक है, तो मैं अकेली ही चली जाऊँगी । जहाँ मैंने अपने भीतर की पत्नी को मारा है, वहीं अपने भीतर की माँ को भी मार दूँगी ।

III. 'बिना दीवारों के घर' नाटक का सारांश लिखकर विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **10**

**अथवा**

पठित नाटक के आधार पर शोभा का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

IV. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5×4=20)**

1) रूहें लघुकथा का संक्षिप्त विवेचन कीजिए ।

2) 'उसकी बदौलत' कहानी में प्रस्तुत यथार्थ का वर्णन कीजिए ।

3) 'मास्टर' लघु कथा का सारांश लिखिए ।

4) 'प्रेम' कहानी में पानी और शक्कर के बीच के संवाद को अपने शब्दों में लिखिए ।

5) 'ठंडी रजाई' लघुकथा में निहित मानवीय संवेदना पर प्रकाश डालिए ।

V. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(5×2=10)**

1) प्रयोजन मूलक हिन्दी की परिभाषा लिखकर उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए ।

2) प्रयोजन मूलक हिन्दी के विविध रूपों को समझाइए ।

3) राष्ट्रभाषा के महत्त्व को समझाइए ।

4) राजभाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

VI. 1) नीचे दिये गये **पद्य** भाग को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(1×4=4)**

एक काबुली वाले की कहते हैं लोग कहानी ।

लाल मिर्च को देख भर गया उसके मुँह में पानी ।।

सोचा, क्या अच्छे दाने हैं, खाने से बल होगा ।

यह जरूर इस मौसम का कोई मीठा फल होगा ।।

बोला, लाल-लाल, पतली छीमी हो चीज अगर खाने की ।

तो हमको दो तोल छीमियाँ फकत चार आने की ।।

हाँ, यह तो सब खाते हैं–कुंजड़िन बोली बेचारी ।

और सेर भर लाल मिर्च से भर दी उसकी झोली ।।

जैसे ही मिर्च जीभ पर रक्खी, उसने जोर दिखाया ।

मुँह सारा जल उठा और आँखों में जल भर आया ।।

अ) काबुली वाले के मुँह में पानी कब भर आया ?

आ) मिर्च देखकर काबुली वाले ने क्या सोचा ?

इ) काबुली वाले ने कितने की छीमियाँ माँगी ?

ई) पद्यांश में 'जल' शब्द किन अर्थों में प्रयुक्त हुआ है ?

2) शब्द शुद्ध कीजिए । **(½×4=2)**

अ) दवाईयाँ

आ) श्रीमति

इ) पूज्यनीय

ई) शारिरीक

3) पद परिचय दीजिए । **4**

मीरा यहाँ पाँचवीं कक्षा में पढ़ती थी ।

4) अ) **कन्नड़** अथवा **अँग्रेजी** में अनुवाद कीजिए । **5**

मुगल सम्राटों में शाहजहाँ बड़ा ही सहृदय, विलास प्रिय एवं कला मर्मज्ञ था । रानी मुमताज महल रूप की रानी थी । अपने गुणों एवं सौन्दर्य से उन्होंने शाहजहाँ को वशीभूत कर रखा था । दोनों ओर प्रेम का बन्धन था और इस बन्धन में ही सुख था । किन्तु मृत्यु की क्रूर दृष्टि से किसका सुख देखा गया है ? महारानी बीमार हुई और अन्तिम घड़ियाँ निकट आने लगीं । मृत्यु की ओर बढ़ती हुई मुमताज ने कामना की कि उसकी समाधि असाधारण हो । ताजमहल उसी कामना की पूर्ति है ।

आ) **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए । **5**

India is mainly an agricultural country. Agriculture is the backbone of our economic system. It is the main occupation of about seventy percent of our people and it contributes one-half to the national income. The economic prosperity of our country depends largely upon the prosperity of agriculture.

ಭಾರತವು ಮುಖ್ಯವಾಗಿ ಕೃಷಿ ದೇಶ. ಕೃಷಿಯು ನಮ್ಮ ಅರ್ಥವ್ಯವಸ್ಥೆಯ ಬೆನ್ನೆಲುಬು. ಕೃಷಿಯು ನಮ್ಮ ಶೇಕಡಾ ಎಪ್ಪತ್ತರಷ್ಟು ಜನರ ಉದ್ಯೋಗವಾಗಿದ್ದು, ಅರ್ಧದಷ್ಟು ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಆದಾಯವನ್ನು ಒದಗಿಸುತ್ತದೆ. ದೇಶದ ಆರ್ಥಿಕ ಪ್ರಗತಿಯು ಹೆಚ್ಚಾಗಿ ಕೃಷಿಯ ಪ್ರಗತಿಯನ್ನು ಅವಲಂಬಿಸಿರುತ್ತದೆ.